समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# इजरायल ने फिर किया ईरान की परमाणु साइट्स पर हमला, 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' से मचा तहलका।

Publisher

Published on 13 Jun 2025



## ट्रंप की चेतावनी के बाद एक्शन मे आया इजरायल, ईरान के न्यूक्लियर प्रोजेक्ट्स पर बड़ा हमला।

**मिडिल ईस्ट** में तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। अमेरिका के पूर्व **राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप** की ईरान को सख्त चेतावनी के बाद अब इजरायल ने सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है। ईरानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, **इजरायल ने ईरान के नतांज, शिराज** और **तबरीज़** स्थित परमाणु ठिकानों पर एक बार फिर हवाई हमले किए हैं।

इस हमले को "**ऑपरेशन राइजिंग लॉयन**" नाम दिया गया है, जिसकी शुरुआत शुक्रवार तड़के हुई। इजरायली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने पुष्टि की कि यह अभियान अभी जारी रहेगा और इसका लक्ष्य **ईरान के परमाणु** और **बैलिस्टिक मिसाइल** कार्यक्रमों को पूरी तरह निष्क्रिय करना है।

नेतन्याहू का बड़ा दावा – "हमने ईरान की परमाणु क्षमता को तहस-नहस किया"
इजरायल के **प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू** ने इस हमले को "बहुत सफल" करार दिया है। उन्होंने दावा किया कि इजरायली वायुसेना ने ईरान की मुख्य **संवर्धन सुविधा नतांज**, और **परमाणु बम** पर काम कर रहे वैज्ञानिकों को निशाना बनाया है।

नेतन्याहू ने कहा: "हमने ईरान की उस परमाणु प्रयोगशाला पर हमला किया है जो पूरी दुनिया के लिए खतरा बन चुकी थी। यह सिर्फ शुरुआत है, हम इसे तब तक जारी रखेंगे जब तक ईरान की धमकी पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाती।"

ईरानी जनरल और वैज्ञानिकों की मौत की पुष्टि

ईरान की सरकारी मीडिया के अनुसार, इस हमले में उसके कई सैन्य ठिकानों, **एयर डिफेंस सिस्टम,** और **परमाणु प्रयोगशालाओं** को नुकसान हुआ है। ईरानी सेना के **प्रमुख जनरल मोहम्मद बाघेरी** और **इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड** कोर के **कमांडर हुसैन सलामी** की मौत की भी पुष्टि की गई है।

ईरान ने इस हमले को घोर उकसावे की कार्रवाई बताया है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की मांग की है।

जानिए क्या है '**ऑपरेशन राइजिंग लॉयन**'?

'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' इजरायल का विशेष सैन्य मिशन है, जिसका मकसद ईरान के परमाणु और मिसाइल इन्फ्रास्ट्रक्चर को पूरी तरह से तबाह करना है। यह मिशन विशेष रूप से अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की साझा जानकारी के आधार पर शुरू किया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाएं

अमेरिका के पूर्व **राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप** ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर तेहरान अपने न्यूक्लियर प्लान से पीछे नहीं हटा, तो उसे "**गंभीर परिणाम**" भुगतने होंगे। इस बयान के बाद इजरायल ने यह हमला किया है।

**संयुक्त राष्ट्र** और **यूरोपीय यूनियन** ने इस संघर्ष पर चिंता जताई है और तत्काल युद्धविराम की अपील की है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.